# घुसपैठियों को भारत में घुसने नहीं देंगे : शाह

- जितना कीचड़ उछालोगे उतना कमल खिलेगा
- पीएम मोदी और उनकी मां से माफी मांगें राहुल



**पटना/गुवाहाटी, 29 अगस्त. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को राहुल गांधी की बिहार में वोटर अधिकार यात्रा को घुसपैठिया बचाओ यात्रा करार देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कांग्रेस जितना अधिक गाली देगी देश में कमल उतना ही अधिक खिलेगा.**

शाह ने गुवाहाटी में नये राजभवन के उद्घाटन के अवसर पर एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, ऐसे समय में जब विश्व के 27 देशों ने प्रधानमंत्री मोदी को अपने सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया है कांग्रेस एवं गांधी परिवार हमेशा प्रधानमंत्री को गाली देने की कोशिश कर रहे हैं. शाह ने बिहार की एक रैली में प्रधानमंत्री मोदी की मां के बारे में अपशब्द कहे जाने के लिए कांग्रेस की निंदा करते हुए कहा कि गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने नया निचला स्तर प्राप्त कर लिया है.



## कांग्रेस और बीजेपी के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प

**पटना, 29 अगस्त.** शुक्रवार को राजनीतिक टकराव का केंद्र बन गई. राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा के दौरान एक कथित विवादित बयान का वीडियो वायरल होने के बाद बीजेपी कार्यकर्ताओं ने पटना स्थित कांग्रेस कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया, जो बाद में हिंसा में बदल गया. बीजेपी का आरोप है कि राहुल गांधी की रैली में पीएम मोदी और उनकी दिवंगत मां के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया गया, जिसके विरोध में वे शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे. लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कथित रूप से पथराव शुरू कर दिया.

> केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने कहा, बिहार में राहुल ने जो यात्रा शुरू की है वह घुसपैठिया बचाओ यात्रा के अलावा और कुछ नहीं है. यह यात्रा वोट बैंक और घुसपैठियों को बचाने के लिए है. जब घुसपैठिए मतदाता सूची में शामिल हो जाएंगे तो देश कैसे सुरक्षित रह सकता है? शाह ने कहा कि बिहार में कांग्रेस की रैली ने बेशर्मी की सारी हदें पार कर दी हैं. उन्होंने कांग्रेस नेता से बिना शर्त माफी मांगने का भी आग्रह किया. गृहमंत्री ने मोदी सरकार के 11 वर्षों को असम के इतिहास का स्वर्णिम काल बताया.

# चाची-भतीजे को क्रेटा कार ने मारी टक्कर

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना 29 अगस्त.** बाइक से अपने घर जा रहे दो बाइक सवार चाची-भतीजे को पुलिस लिखी अज्ञात नंबर की काले रंग की क्रेटा कार ने टक्कर मार दी। हादसा शुक्रवार की रात 10 बजे का है। टक्कर मारने के बाद भी आरोपी कार सवार नहीं रुका, वह बाइक सवार को बोनट पर लेकर 400 मीटर तक भागा और इसके बाद फरार हो गया। घटना सिटी कोतवाली क्षेत्र में गणेशपुरा की पुलिया और कलेक्टर बंगला के सामने की है।

जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली क्षेत्र के कुलियाना मोहल्ले में रहने वाला कृष्णा (20) पुत्र सुभाष श्रीवास शुक्रवार की रात 10 बजे अपनी चाची सगुना (38) पत्नी स्व. मुकेश श्रीवास को बाइक से लेकर घर जा रहा था। गणेशपुरा

**बोनट पर 400 मीटर तक खींचते हुए ले गई**
**गंभीर हालत में दोनों ग्वालियर रैफर**

की पुलिया पर पीछे से आई काले रंग की पुलिस लिखी तेज रफ्तार क्रेटा कार के चालक ने पहले तो बाइक को टक्कर मारी, जिससे महिला का सिर डिवाइडर से टकराया और बाइक चला रहा भतीजा कार के बोनट पर आ गिरा। इसके बाद आरोपी कार चालक ने वाहन को तेजी से चलाते हुए पुरानी कलेक्ट्रेट के सामने से मोड़ा और कलेक्टर बंगले के सामने से होकर व्हीआईपी रोड की ओर भाग निकला।बाइक सवार युवक को बोनट पर लिए 400 मीटर तक भागा, इसके बाद वह नीचे गिर पड़ा। इसके बाद आरोपी कार सवार भाग निकला। इधर दोनों गंभीर घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उन्हें गंभीर हालत में ग्वालियर रैफर कर दिया गया है। खबर लिखे जाने तक सिटी कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी।

## गहोई वैश्यों का विधवा, विधुर एवं तलाकशुदा परिचय सम्मेलन आज से

ग्वालियर। अखिल भारतीय गहोई वैश्य समाज का परिचय सम्मेलन गहोई वैश्य शक्ति जन कल्याण समिति के तत्वाधान में आयोजित किया गया है। विधवा, विधुर, तलाकशुदा तथा अधिक उम्र के सामाजिक बंधुओ के लिए परिचय 30 एंव 31 अगस्त को तेरापंथी धर्मशाला नई सड़क पर आयोजित किया गया है। कल 30 अगस्त को मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा, भाजपा के जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजोरिया, आशीष अग्रवाल मध्यप्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी, सुधीर गुप्ता जिला उपाध्यक्ष भाजपा महानगर ग्वालियर, श्रीमती गीता नगरिया महासभा महिला मंडल अध्यक्ष, प्रेम नारायण खंताल चंबल क्षेत्रीय अध्यक्ष, अंकित कट्टुल पार्षद विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे. राष्ट्रीय स्तर के इस पहले आयोजन की जानकारी देते हुए आयोजक प्रदीप पहारिया, सुधीर रावत, भानु चपरा, सियाशरण कस्तवार, नितेश सेठ ने बताया कि इसमें देश के कई शहरों के लगभग 50 महिला पुरुष परिचय के लिए रजिस्ट्रेशन कर चुके हैं।

## विमान दुर्घटनाग्रस्त

वारसॉ, 29 अगस्त. पोलैंड का एक एफ-16 लड़ाकू विमान राडोम अंतरराष्ट्रीय एयर शो पूर्वाभ्यास के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें पायलट की मौत हो गई. यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने दी.

# सिंधी कॉलोनी, जनकपुरी में चला सफाई स्वच्छता अभियान

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 29 अगस्त.** नगर निगम जोन 20 के अंतर्गत आज वार्ड 53 में हर घर हो स्वच्छ शहर हो स्वच्छता में आगे इस पहल को लेकर कॉलोनीवासियों के साथ निगम के कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका में आम जन भी स्मार्ट बने हैं। इस अवसर पर आह्वान किया गया कि घर का कचरा निगम की कचरा गाड़ी में ही डालें, खुली जगह में कचरा न फेकें, पॉलिथिन मुक्त ग्वालियर बनाए, अपने घर के बाहर और अपनी कॉलोनी, मोहल्ला को साफ स्वच्छ रखें। इसके साथ सफाई अभियान चलाकर एक रैली निकालकर आम जन को जागरुक किया गया ।




कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता दिनेश जैन, आकाश भदौरिया, बंटी, श्रृष्टि शर्मा, सुनील शास्त्री, गोपाल जाटव, भूपसिंह, पंकज मिश्रा, कमल किशोर मिश्रा, के जी दुबे, लक्की बत्रा इत्यादि शामिल हुए। उनके साथ नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी किशोर चौहान, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी रामचंद्र धौलपुरिया, डब्ल्यूएचओ 53 अजय पवार, डब्ल्यूएचओ 48 दीपक खरे, 51 हरि कंजोलिया, सहायक दरोगा नवल पटेल, ब्रह्म कुमार, सचिन कुमार आदि ने आम जन से हाथ जोड़कर भारत माता के जयकारों के साथ आ स्वच्छता अभियान में साथ देने का आह्वान किया ।

## बिहार में कांग्रेस दफ्तर पर हमला निंदनीय, सोशल मीडिया पर चुप्पी से हैरत : जितेन्द्र भदौरिया



ग्वालियर। कांग्रेस नेता जितेन्द्र सिंह भदौरिया ने बिहार में कांग्रेस पार्टी के कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि कांग्रेस ऐसी गुंडागर्दी के आगे झुकेगी नहीं। उन्होंने कहा कि बिहार में कांग्रेस दफ्तर पर भाजपा के कैबिनेट मंत्री की मौजूदगी में भाजपा कार्यकर्ताओं का कायराना हमला इनकी बौखलाहट को दिखाता है।भदौरिया ने यह भी सवाल किया कि सोशल मीडिया पर दिन रात सक्रिय रहने वाले कितने प्रतिशत बयानवीर लोग इस घटना के विरोध में आए हैं, इसकी भी समीक्षा की जानी चाहिए कि आज कितने लोगों ने इस गलत विचारधारा का विरोध किया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### महा आर्यमन सिंधिया होंगे ..

, प्रेम पटेल और राकेश भार्गव ने लिए है। बताया जा रहा है कि पठानिया सह सचिव पर लड़ सकते है। भार्गव ने अध्यक्ष पद के लिए किसी के भी लड़ने से इंकार किया है। वैसे आधिकारिक घोषणा 2 तारीख को एमपीसीए की एजीएम में होगी कि कौन किस पद पर चुना गया है। मगर सिंधिया परिवार की तीसरी पीढ़ी या यूं कहे की माधवराव के पौते महा आर्यमन सिंधिया की ताजपोशी एमपीसीए के अध्यक्ष पद पर तय हो सकती है। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार कल 9.30 से 11 बजे तक फार्म जमा करने का समय है। उसके बाद 12 बजे नामों का प्रकाशन होगा। 31 को फार्म की जांच और अंतिम बार नाम प्रकाशन किया जाएगा। 1 सितंबर को नाम वापसी और 2 सितंबर को एजीएम में पदों की घोषणा होगी।

### मध्यप्रदेश बनेगा देश का पर्यटन...

की पहली पसंद बन चुका है। सुश्री बिदिशा मुखर्जी, अपर प्रबंध निदेशक, मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड ने कहा कि इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य ग्वालियर की अमूल्य धरोहरों, संगीत और संस्कृति को व्यापक स्तर पर प्रस्तुत करना है। इस थीम के ज़रिए ग्वालियर को एक ऐसे पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करना है, जहां पर्यटक सिर्फ़ इतिहास और स्थापत्य को देखें ही नहीं, बल्कि यहां की धड़कन, रिवाज़, लोककला और परंपराओं को महसूस भी करें। इसका मक़सद है कि पर्यटन से ग्वालियर की पहचान मज़बूत हो, स्थानीय समुदाय को रोज़गार और नए अवसर मिलें, और आने वाली पीढ़ियां भी इस शहर की धरोहर पर गर्व कर सकें।

**सांस्कृतिक संध्या में दी रंगारंग प्रस्तुति**

रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव के शुभारंभ अवसर पर मेहैर बैंड, बुंदेलखंड के नौरता




लोकनृत्य और ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के लांगुरिया नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

**मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा एमपीटी इन्फ्लुएंसर मीट का आयोजन**-रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव के अंतर्गत ग्वालियर स्थित इम्पीरियल गोल्फ रिसॉर्ट में 'एमपीटी इन्फ्लुएंसर मीट' का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मध्य प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स ने भाग लिया।

प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के वोकल फॉर लोकल और देखो अपना देश अभियानों को बढ़ावा देने में इन्फ्लुएंसर्स की भूमिका बेहद अहम है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में कई ऐसे अनछुए पर्यटन स्थल हैं, जिनकी पहचान अभी देश-दुनिया में नहीं हो पाई है। उन्होंने कंटेंट क्रिएटर्स से आह्वान किया कि वे अपनी रचनात्मकता के माध्यम से इन स्थलों को वैश्विक पहचान दिलाएं।

प्रसिद्ध अभिनेता श्री फैसल मलिक ने कहा कि मध्य प्रदेश की खूबसूरत लोकेशन्स फिल्म निर्माताओं को आकर्षित करती हैं। यहाँ के लोग फिल्म-फ्रेंडली हैं और शासन-प्रशासन का सहयोग सराहनीय है। उन्होंने इन्फ्लुएंसर्स से आग्रह किया कि वे अपने कंटेंट में सिविक सेंस को भी बढ़ावा दें।

सुश्री बिदिशा मुखर्जी, अपर प्रबंध निदेशक, मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड ने कहा कि ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में संस्कृति, विरासत और प्रकृति का अद्वितीय संगम है। उन्होंने कहा कि इन्फ्लुएंसर्स केवल कंटेंट क्रिएटर ही नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश के असली ब्रांड एम्बेसडर हैं।

**पैनल डिस्कशन में इन्फ्लुएंसर्स ने रखे विचार**-सोशल मीडिया पर द टेंपल गर्ल के रूप में प्रसिद्ध में मेंगलोर की नम्रता मोहन ने कहा कि मध्य प्रदेश वाकई बहुत खूबसूरत है। क्रिएटर्स से उन्होंने कहा कि कॉन्टेंट में स्टोरी टेलिंग और सच की जरूरत है। किसी भी कॉन्टेंट को तैयार करने से पहले अच्छे से रिसर्च कर लें क्योंकि आपकी एक गलत जानकारी लाखों लोगों तक जाती हैं। कोलकाता से आई प्रसिद्ध नेचर और वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर तथा क्रिएटर अपरूपा डे ने कहा कि हम सभी प्रकृति से प्यार करते हैं, लेकिन करीब से नहीं जानते। इसके लिए हमें प्रकृति के पास जाना होगा। मध्य प्रदेश में कान्हा, पेंच, बांधवगढ़ जैसे इतने खूबसूरत डेस्टिनेशन्स हैं जहां केवल छुट्टियों के लिए नहीं बल्कि सुकून भी मिलता है। पैनल डिस्कशन में मॉडरेटर की भूमिका मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड की सोशल मीडिया विभाग की प्रमुख श्रीमती नीलम रावत ने निभाई। इस दौरान कैप्शन दिस फन क्विज का आयोजन हुआ, जिसके विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही इन्फ्लुएंसर्स के सवालों के जवाब भी पैनलिस्टों ने दिए। अंत में सभी प्रतिभागियों को मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।


**JANA SMALL FINANCE BANK** (A Scheduled Commercial Bank)

रजिस्टर्ड ऑफिस: द फेयरवे, भूतल एवं प्रथम तल, सर्वे नं. 10/1, 11/2 व 12/2-बी, ऑफिस दोमलुर, कोरामंगला इनर रिंग रोड, नेक्सट टू ईजीएल बिजनेस पार्क, छलाघट्टा, बैंगलोर- 560071,

**निजी संधि के माध्यम से बिक्री की सूचना**

**वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (सरफेसी अधिनियम) के अंतर्गत बैंक को प्रभारित अचल परिसंपत्तियों की बिक्री**

जन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने सरफेसी अधिनियम के अंतर्गत अनुसूचित संपत्ति का भौतिक कब्जा ले लिया है. जन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने संपत्ति को जब्त करने के लिए पहले ही कई सार्वजनिक नीलामी आयोजित की थी, लेकिन वे असफल रहीं क्योंकि कोई बोली प्राप्त नहीं हुई इसलिए कृपया सूचित किया जाए कि यदि उपरोक्त ऋण खाते में कुल बकाया राशि इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से पंद्रह (15) दिनों के भीतर भुगतान नहीं की जाती है, तो प्राधिकृत अधिकारी नीचे बताए अनुसार संपत्ति की निजी संधि के माध्यम से बिक्री के लिए आगे बढ़ेंगे. आम जनता को सूचित किया जाता है कि अनुसूची में उल्लिखित सुरक्षित संपत्ति बैंक के बकाया की वसूली के लिए बैंक द्वारा सहमत शर्तों के अनुसार निजी संधि के माध्यम से बिक्री के लिए उपलब्ध है.

निजी संधि के माध्यम से संपत्ति की बिक्री के लिए मानक नियम और शर्तें निम्नानुसार हैं:-

1. निजी संधि के माध्यम से बिक्री 'जहां है, जैसा है' और 'जो है, जैसा है, जैसा है' के आधार पर होगी.
2. खरीदार को इस नोटिस के प्रकाशन की समाप्ति पर बिक्री मूल्य का 100 प्रतिशत जमा करना होगा.
3. बैंक द्वारा खरीद के प्रस्ताव को स्वीकार न करने की स्थिति में, आवेदन के साथ भुगतान की गई राशि, यदि कोई हो, निर्धारित समय के भीतर बिना किसी ब्याज के वापस कर दी जाएगी.
4. खरीदार को अपनी संतुष्टि के अनुसार संपत्ति (निजी संधि के माध्यम से बिक्री के तहत) से संबंधित सभी पहलुओं पर उचित परिश्रम करना चाहिए. खरीदार बाद की तारीख में इस संबंध में प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित ऋणदाता के खिलाफ कोई दावा करने का हकदार नहीं होगा.
5. बैंक बिना कोई कारण बताए खरीद के किसी भी प्रस्ताव को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.
6. क्रेता को संपत्ति की खरीद के संबंध में सभी स्टाम्प ड्यूटी, पंजीकरण शुल्क और अन्य खर्च, कर, शुल्क, सोसायटी बकाया राशि का भुगतान करना होगा.
7. बिक्री SARFAESI अधिनियम / नियमों के प्रावधानों के अनुसार होगी.

| क्र. | लोन खाता नंबर | देनदार/सह-देनदार का नाम | प्रार्थना नोटिस के अनुसार राशि 13(2) सरफेसी एक्ट के तहत | रिजर्व प्राइस निजी संधि के तहत |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 45519610000055 | 1. श्री धर्मेन्द्र गर्ग आत्मज प्रभुदयाल गर्ग, 2. सुश्री भारती सुमन पुत्री प्रमोद सुमन, 3. श्रीमती उर्मिला गर्ग पत्नी प्रभुदयाल गर्ग | 2.6.2022 तक रु. 15,40,740.70 (रुपये पन्द्रह लाख चालीस हजार सात सौ चालीस और पैसा सत्तर मात्र) | रु. 3,00,000/- (रु. तीन लाख मात्र) |

**सुरक्षित संपत्तियों का विवरण-** प्रथम तल पर फ्लैट संख्या 101 सहित समस्त आर.सी.सी. सुपर स्ट्रक्चर, जिसका कुल क्षेत्रफल 640 वर्ग फुट है। (59.47 वर्ग मीटर), 'श्री कृष्ण अपार्टमेंट' नामक भवन में, नगर निगम वार्ड क्रमांक 48, कदम साहब का बाड़ा, नगर लश्कर, तहसील एवं जिला ग्वालियर (मध्य प्रदेश) में स्थित. पूर्व में- सामान्य सीढ़ियाँ, पश्चिम में- गली, उत्तर में- मुख्य सड़क और दक्षिण में- फ्लैट संख्या 102.

उपर्युक्त उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों की बिक्री से पहले बैंक द्वारा उठाए गए सभी लागतों, शुल्कों और खर्चों के साथ उपर्युक्त बकाया राशि का भुगतान करके यहां उल्लिखित सुरक्षित परिसंपत्तियों के मोचन के लिए SARFAESI अधिनियम की धारा 13(8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है.

**पत्राचार पता-** श्री रंजन नाइक (मोबाइल नंबर 6362951653) और ईमेल- ranjan.naik@janabank.com जन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, (पूर्व में मेसर्स जनलक्ष्मी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के नाम से जाना जाता था), जिसका शाखा कार्यालय प्लॉट नंबर 306ए, स्कीम नंबर 54, पीयू-4, कंट्री इन होटल के पास, मेन एबी रोड, विजय नगर, इंदौर-452001 में स्थित है.

**दिनांक- 30-8-2025, स्थान- ग्वालियर** | **ह./- प्राधिकृत अधिकारी, जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**



**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नागपुर**
**ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES, NAGPUR**
प्लॉट क्र. 2, सेक्टर-20, मिहान, नागपुर - 441108
वेबसाईट: https://aiimsnagpur.edu.in

विज्ञापन संख्या : एम्स/नागपुर/एडमिन-1/ फॅकल्टी/2025/02 | दि. 30/08/2025

**एम्स नागपुर के विभिन्न विभागों में फेकल्टी (समूह ए) के पदों की नियमित भर्ती/ अनुबंध के आधार पर सेवानिवृत्त फेकल्टी के लिए / प्रतिनयुक्ति के आधार पर, चयन हेतु विज्ञापन**

पीएमएसएसवाय के अंतर्गत स्थापित एम्स नागपुर, जिसका उद्देश्य, क्षेत्रीय स्तर पर उपलब्ध अफोर्डेबल / विश्वसनीय जन स्वास्थ सेवाओं के असंतुलन में सुधार लाकर, देश में, चिकित्सा शिक्षा के स्तर की गुणवत्ता को बढ़ाना है। संस्थान ने सत्र 2018-19 से कार्य करना प्रारंभ किया है। एम्स नागपुर की एक उच्च स्तरीय शिक्षण, प्रशिक्षण व शोध संस्थान के रूप में विकसित करने की परिकल्पना की गई है।

इस तारतम्य में, कार्यकारी निर्देशक एम्स नागपुर द्वारा भारतीय नागरिकों/नागरिकता अधिनियम 1955 के 7ए सेक्शन के अंतर्गत भारत के ओवरसीज सिटीजन कार्ड धारक के रूप में पंजीकृत व्यक्तियों से, फैकल्टी पदों के लिए नियमित भर्ती/ अनुबंध के आधार सेवानिवृत्त फेकल्टी के लिए / प्रतिनयुक्ति के आधार पर नियुक्त किये जाने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है -

| अनु क्र. | विषय | प्राध्यापक | अतिरिक्त प्राध्यापक | सहयोगी प्राध्यापक | सहाय्यक प्राध्यापक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एनेस्थेसियोलॉजी | - | - | 02 (01 ओबीसी, 01 ईडब्लूएस) | 04 (01 अनारक्षित, 01 ओबीसी, 01 एससी, 01 एसटी) |
| 2 | बायोकेमिस्ट्री | - | - | - | 02 (01 अनारक्षित, 01 ईडब्लूएस) |
| 3 | बायोस्टैटिस्टिक्स | - | - | - | 01 ओबीसी |
| 4 | बर्न्स एंड प्लास्टिक सर्जरी* | - | - | - | 01 अनारक्षित |
| 5 | कार्डीओलॉजी* | - | 01 ओबीसी | - | 03 (01 अनारक्षित, 01 ओबीसी 01 एससी) |
| 6 | कार्डीओथोरॅसिक सर्जरी* | - | - | - | 02 (01 अनारक्षित, 01 ओबीसी) |
| 7 | कम्युनिटी मेडिसिन | - | - | - | 01 एसटी |
| 8 | डेंटिस्ट्री (ऑर्थोडोंटिक्स अँड डेंटोफेशल ऑर्थोपेडिक्स) | - | - | 01 अनारक्षित | - |
| 9 | डेंटिस्ट्री (पीडियाट्रिक & प्रिवेंटिव डेंटिस्ट्री) | - | - | 01 एससी | - |
| 10 | डेंटिस्ट्री (प्रोस्थोडोंटिस्ट) | - | - | 01 ओबीसी | - |
| 11 | डर्मेटोलॉजी | 01 एससी | - | - | 01 अनारक्षित |
| 12 | एंडोक्रिनोलॉजी एंड मेटाबोलिस्म* | - | 01 एससी | 01 ओबीसी | 03 (01 ओबीसी, 01 एससी, 01 एसटी) |
| 13 | इएनटी | - | - | - | 02 (01 एससी, 01 ईडब्लूएस) |
| 14 | गैस्ट्रोएंटरोलॉजी (मेडिकल)* | 01 अनारक्षित | 01 अनारक्षित | 01 एसटी | 03 (01 अनारक्षित, 02 ओबीसी) |
| 15 | जनरल मेडिसिन | - | - | - | 02 (01 अनारक्षित, 01 एससी) |
| 16 | जनरल सर्जरी | - | - | - | 03 (01 ओबीसी, 01 एससी, 01 ईडब्लूएस) |
| 17 | हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन | 01 एसटी | - | - | 03 (01 ओबीसी, 01 एससी, 01 एसटी) |
| 18 | मेडिकल हेमाटोलॉजी* | - | 01 अनारक्षित | - | 01 अनारक्षित |
| 19 | मेडिकल ऑन्कोलॉजी* | 01 अनारक्षित | - | 01 ईडब्लूएस | 03 (01 अनारक्षित, 02 ओबीसी) |
| 20 | माइक्रोबायोलॉजी | - | - | - | 02 (01 अनारक्षित, 01 एसटी) |
| 21 | नोनटोलॉजी* | - | 01 एससी | - | 02 (01 ओबीसी, 01 एससी) |
| 22 | नेफ्रोलॉजी* | 01 ओबीसी | 01 एसटी | 01 एससी | 02 अनारक्षित |
| 23 | न्युरोलॉजी* | 01 अनारक्षित | 01 अनारक्षित | 01 ओबीसी | 04 (02 ओबीसी, 01 एसटी, 01 ईडब्लूएस) |
| 24 | न्युरोसर्जरी* | 01 अनारक्षित | - | - | 02 (01 एससी, 01 अनारक्षित) |
| 25 | न्युक्लीअर मेडिसिन | - | - | 01 एसटी | 04 (01अनारक्षित, 01 ओबीसी, 01 एससी) |
| 26 | आब्सटेट्रिक्स अँड गायनेकोलॉजी | - | - | - | 01 ओबीसी |
| 27 | ऑपथैल्मोलॉजी | - | - | 01 ओबीसी | 01 एससी |
| 28 | आर्थोपेडिक्स | - | - | - | 02 (01 अनारक्षित, 01 एसटी) |
| 29 | पीडीयाट्रिक सर्जरी* | - | - | - | 01 ओबीसी |
| 30 | पीडीयाट्रिक्स | - | - | - | 02 (01 अनारक्षित, 01 ईडब्लूएस) |
| 31 | पॅथॉलॉजी/लॅब मेड | - | - | - | 02 (01 ओबीसी, 01 एससी) |
| 32 | सायकीयाट्रि | 01 ईडब्लूएस | - | - | 01 अनारक्षित |
| 33 | पल्मोनरी मेडिसिन* | - | - | - | 02 अनारक्षित |
| 34 | रेडीओडायग्नोसीस | - | - | - | 06 (01 अनारक्षित, 02 ओबीसी, 01 एससी, 01 एसटी, 01 ईडब्लूएस) |
| 35 | रेडिओथेरपी | - | - | - | 01 अनारक्षित |
| 36 | रुमेटोलॉजी एंड क्लीनिकल इम्यूनोलॉजी* | - | - | 01 ओबीसी | - |
| 37 | सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी* | 01 ओबीसी | - | - | 01 अनारक्षित |
| 38 | सर्जिकल ऑन्कोलॉजी* | - | 01 ओबीसी | 01 एससी | 02 (01 ओबीसी, 01 एससी) |
| 39 | ट्रांसफ़्यूज़न मेडिसिन एंड ब्लड बैंक | - | 01 ईडब्लूएस | - | 01 अनारक्षित |
| 40 | ट्रौमा अँड इमरजेंसी | - | - | - | 06 (03 अनारक्षित, 01 ओबीसी, 01 एससी, 01 ईडब्लूएस) |
| 41 | युरोलॉजी* | 01 (अनारक्षित) | - | 01 ओबीसी | 02 (01 ओबीसी, 01 ईडब्लूएस) |
| | **कुल** | **10** | **09** | **15** | **82** |
| | **कुल पद** | **116 पद** | | | |

नोट: 1. विज्ञापन का प्रारूप, आयु सीमा, अनिवार्य योग्यताएँ तथा अनुभव तथा वेतनमान आदि तथा आवेदन शुल्क के अग्रिम भुगतान की लिंक संबंधित विवरण वेबसाइट https://aiimsnagpur.edu.in पर उपलब्ध है। इच्छुक प्रत्याशी जो सभी योग्यता मापदंडो को पूरा करते है, अपना आवेदन गूगल लिंक के माध्यम से दिनांक **29-09-2025 तक तथा स्पीड/पंजीकृत पोस्ट** द्वारा कार्यकारी निर्देशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एम्स नागपुर, प्रशासनिक भवन, प्लाट न 2, सेक्टर-20, मिहान, नागपुर - 441108 के पते पर **06-10-2025** तक जमा कर सकते है।

**कार्यकारी निर्देशक, एम्स नागपुर**



**फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड**

PhoenixARC

**पंजीकृत कार्यालय:** तीसरी मंजिल, वालेस टॉवर 139-140/बी/1, सहार रोड और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे विले पार्ले (पूर्व) मुंबई - 400 057. **टेलीफोन:** 022-6849 2450, **फैक्स:** 022-6741 2313 **सीआईएन:** U67190MH2007PTC168303 **ई-मेल:** info@phoenixarc.co.in, **वेबसाइट:** www.phoenixarc.co.in.

**ई-नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के साथ**

इसके द्वारा आम जनता को तथा विशेष रूप से ऋणकर्ताओं/गारंटरों/बंधककर्ताओं को सूचित किया जाता है कि मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड (जिसे पहले एस्पायर होम फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड - असाइनर के नाम से जाना जाता था) द्वारा ऋण के असाइनमेंट के अनुसार फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड को गिरवी रखी गई नीचे उल्लिखित सम्पत्ति को 'जैसी है, जैसी है और बिना किसी सहारे के' 'ऑनलाइन ई-नीलामी' के माध्यम से बेचा जाएगा, ताकि बकाया राशि और आगे के ब्याज, शुल्क और लागत आदि की वसूली की जा सके, जैसा कि नियम 8 और 9 के साथ पढ़े गए SARFAESI अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार नीचे विस्तार से बताया गया है. प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002) के अनुसार वेबसाइट www.phoeni&arc.co.in/ के माध्यम से नीचे दिए गए विवरण के अनुसार

**नीलामी की तिथि और समय: 22-09-2025/11.00 पूर्वाह्न से 02.00 अपराह्न (प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)**

| क्र. | उधारकर्ता/गारंटर/ऋण खाता | मांग नोटिस तिथि और राशि | अचल संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य, ईएमडी और ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | लैन: LXGUN00416-170049326 शाखा: गुना उधारकर्ता: गुलाब सिंह धाकड़ सह-उधारकर्ता: गुड्डी धाकड़ | 14-8-2018 रु. 8,86,667/- (रु. आठ लाख छियासी हजार छह सौ सड़सठ मात्र) | सर्वे क्रमांक 847/1/मिनट1,पी/एच/नंबर 38, नया पी/एच/नंबर 17, वार्ड नंबर 1, बदरवास तहसील बदरवास तहसील बदरवास जिला शिवपुरी 473885 शिवपुरी मध्य प्रदेश | आरक्षित मूल्य- रु. 1,20,000/- (रु. एक लाख बीस हजार मात्र) ईएमडी: रु. 12,000/- (रु. बारह हजार मात्र) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 21-09-2025 |
| 2. | लैन: LXGUN00316-170036133 शाखा: गुना, उधारकर्ता: सदैव आजाद कुमार सिंघल, सह-उधारकर्ता: आजाद कुमार लक्ष्मीनारायण सिंघल | 23-12-2020 रु. 6,28,776/- (रु. छह लाख अट्ठाइस हजार सात सौ छिहत्तर मात्र) | सर्वे क्रमांक/- 512/मिनट2, ग्राम सुमेला, बदरवास, शिवपुरी, मध्य प्रदेश-473885 | आरक्षित मूल्य: रु. 80,000/- (रु. अस्सी हजार मात्र) ईएमडी: रु. 8,000/- (रु. आठ हजार मात्र) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 21-09-2025 |

**ई-नीलामी के नियम और शर्तें-** 1. नीलामी बोली दस्तावेज के आगे के नियमों और शर्तों के अनुसार और उसमें निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आयोजित की जाती है. बोलीदाता बोली लगाने की जानकारी और सहायता, ई-नीलामी के लिए रखी गई सुरक्षित संपत्ति का विवरण और बोली फॉर्म जो ऑनलाइन जमा किया जाएगा, के लिए हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता, M/S ARCA EMART PRIVATE LIMITED के वेब पोर्टल: https://www.auctionbazaar.com/ पर जा सकते हैं. इच्छुक खरीदार उसी पोर्टल पर नीलामी के नियम और शर्तों और प्रक्रिया को देख सकते हैं और **तरुण रघुवंशी 9329414448** और **विजय सिंह 9372505110, शैलेष आयंगर 9833801159** से संपर्क कर सकते हैं, विवरण ऊपर उल्लिखित वेब पोर्टल में उपलब्ध है और उनके केंद्रीकृत हेल्प डेस्क +91 83709 69696, ई-मेल आईडी contact@auctionbazaar.com से संपर्क कर सकते हैं. 2. सभी इच्छुक क्रेता बोलीदाताओं को ऊपर उल्लिखित पोर्टल https://www.auctionbazaar.com/ पर अपना नाम पंजीकृत करना आवश्यक है और पूर्वोक्त तिथि और समय पर ई-नीलामी में भाग लेने के लिए मुफ्त में यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना होगा. 3. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए, इच्छुक क्रेता/बोलीदाताओं को सुरक्षित संपत्ति के आरक्षित मूल्य के 10% की वापसी योग्य बयाना राशि के भुगतान का विवरण, पैनकार्ड की प्रतियों, कंपनी के मामले में बोर्ड के प्रस्तावों और पते के प्रमाण के साथ ऊपर उल्लिखित ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि को या उससे पहले जमा करना होगा, इच्छुक क्रेता/बोलीदाताओं को ऊपर वर्णित प्रत्येक वस्तु/संपत्ति के लिए अलग-अलग ईएमडी जमा करना आवश्यक है. 4. नीलामी के किसी भी चरण में, प्राधिकृत अधिकारी बोली/प्रस्ताव को स्वीकार/अस्वीकार/संशोधित/रद्द कर सकता है या बिना कोई कारण बताए और बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी को स्थगित कर सकता है. 5. सफल खरीदार/बोलीदाता को लागू कानून के अनुसार सुरक्षित संपत्ति को अपने पक्ष में हस्तांतरित/सुपुर्द करने के लिए भुगतान किए जाने वाले किसी भी वैधानिक बकाया, देय कर शुल्क, खरीद विचार पर लागू जीएसटी, स्टांप शुल्क, पंजीकरण शुल्क आदि का भुगतान करना होगा. 6. इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले भार, नीलामी में रखी गई सुरक्षित संपत्तियों को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/बकायों, जिसमें वैधानिक बकाया आदि शामिल हैं, के संबंध में अपनी स्वतंत्र जांच कर लेनी चाहिए. नीलामी विज्ञापन फीनिक्स की किसी भी प्रतिबद्धता या किसी भी प्रतिनिधित्व का गठन नहीं करता है और न ही करेगा. फीनिक्स का अधिकृत अधिकारी किसी भी तीसरे पक्ष के दावों/अधिकारों/बकाए के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा. 7. संभावित/इच्छुक बोलीदाता को एक वचनबद्धता प्रस्तुत करनी होगी कि वह दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016 की धारा 29 (ए) के प्रावधानों के अनुसार अयोग्य नहीं है और केवाईसी दस्तावेजों के साथ इस तरह के वचनबद्धता को प्रस्तुत करने में विफल रहने पर, वह स्वत: ही अयोग्य हो जाएगा या उसकी बोली खारिज कर दी जाएगी.

**स्थान: मध्य प्रदेश**
**दिनांक: 30.08.2025**

अनुवाद में त्रुटियां/विसंगति होने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा.

**एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी**
**फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड**